इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

Code No. **68/MAY/3**
कोड नं.

Set / सेट **B**

211903

# हिन्दी
## (201)

Day and Date of Examination ..............................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..............................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..............................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जांच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 68/MAY/3, सेट B लिखें।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

# हिन्दी
# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 37 है।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं—खंड 'अ' और खंड 'ब'।

(v) खंड 'अ' में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय और खंड 'ब' में विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(vi) खंड 'अ' में कुल **27** प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या **1–5** पठित कविता पर, प्रश्न संख्या **6** अपठित कविता पर, प्रश्न संख्या **7–19** पठित गद्य पर, प्रश्न संख्या **20** अपठित गद्यांश पर और प्रश्न संख्या **21–27** व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं।

(vii) खंड 'ब' में कुल **10** प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या **28–30** पठित कविता पर, प्रश्न संख्या **31–34** पठित गद्य पर तथा प्रश्न संख्या **35–37** लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

## खंड—'अ'
### ( वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय )

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(क) जो _____ नहीं है या जड़ है, उसे मनुष्य के रूप में दिखाना _____ है। 1×2=2

(ख) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के कवि ने _____ को गुलाबी _____ बाँधे बैठा हुआ बताया है। 1×2=2

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

(क) रूपक अलंकार में _____ और _____ का एकरूप वर्णन किया जाता है। 1×2=2

(ख) 'आज़ादी' कविता मूल रूप से _____ भाषा में लिखी गई है, इसका _____ में अनुवाद किया गया है। 1×2=2

निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

**3.** कबीर ने आलोचकों से बचने की नहीं, बल्कि उनको अपने _____ रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। 1

**4.** 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में 'प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है' _____ किसके लिए कहा गया है? 1

(A) व्यापारिक भूमि के लिए
(B) अलसी के लिए
(C) सरसों के लिए
(D) ग्रामीण परिवेश के लिए

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×3=3

(क) दर्जी के जवाब में उसके _____ और व्यापक चिंतन क्षमता का परिचय मिलता है।

(ख) कबीर के अनुसार ऊँचे कुल में जन्म लेने पर भी आदमी निंदा का पात्र होता है, क्योंकि वह _____।

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में पाठकों को प्रकृति के प्रति _____ बनाकर पर्यावरण-रक्षा के प्रति जागरूक बनाया गया है।

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×4=4

आज सवेरे,
जब बसंत आया उपवन में चुपके-चुपके,
कानों ही कानों मैंने उससे पूछा,
"मित्र! पा गए तुम तो अपने यौवन का उल्लास दुबारा।
गमक उठे फिर प्राण तुम्हारे,
फूलों-सा मन फिर मुस्काया,
पर साथी—क्या दोगे मुझको?
मेरा यौवन मुझे दुबारा मिल न सकेगा?"
सरसों की उँगलियाँ हिलाकर संकेतों में वह यों बोला—
मेरे भाई!
व्यर्थ प्रकृति के नियमों की यों दो न दुहाई,
होड़ न बाँधो तुम यों मुझसे।
जब मेरे जीवन का पहला पहर झुलसता था लपटों में,

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

तुम बैठे थे बंद उशीर पटों से घिरकर।
मैं जब वर्षा की बाढ़ों में डूब-डूब कर उतराया था,
तुम हँसते थे वाटर-प्रूफ़ कवच को ओढ़े।
और शीत के पाले में जब गलकर मेरी देह जम गई,
तब बिजली के हीटर से,
तुम सेंक रहे थे अपना तन-मन।
जिसने झेला नहीं, खेल क्या उसने खेला?
जो कष्टों से भागा, दूर हो गया सहज जीवन के क्रम से।
उसको दे क्या दान प्रकृति की यह गतिमयता यह नव वेला,
पीड़ा के माथे पर ही आनंद-तिलक चढ़ता आया है,
मुझे देखकर आज तुम्हारा मन यदि सचमुच
ललचाया है,
तो कृत्रिम दीवारें तोड़ो।

(क) कवि ने वसंत में उपवन से क्या माँगा?

(A) वर्षा
(B) यौवन
(C) उल्लास
(D) मुस्कान

(ख) इस कविता का मुख्य संदेश क्या है?

(A) उल्लास से जियो
(B) मौसम की मार सहो
(C) प्रकृति का आनन्द लो
(D) कृत्रिम जीवन छोड़ो

(ग) आशय स्पष्ट कीजिए—

"पीड़ा के माथे पर ही आनंद-तिलक चढ़ता आया है।"

(A) दुखी आदमी ही आनंद में रहता है।
(B) आनंद में जीना है तो दुख सहो।
(C) पीड़ाओं से लड़कर आनंद की प्राप्ति होती है।
(D) पीड़ा और आनंद साथ-साथ नहीं रहते हैं।

(घ) मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है

(A) फूलों-सा मन फिर मुस्काया।
(B) पलाश का फूल खिलेगा।
(C) सरसों की उँगलियाँ हिलाकर संकेतों में वह यों बोला।
(D) आनंद-तिलक चढ़ता आया है।

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279
2119303

**7.** नीचे दिए गए पाठों और पात्रों के सही युग्म चुनिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

| पाठ का नाम | | पात्र का नाम |
|---|---|---|
| (क) शतरंज के खिलाड़ी | — | गौतम |
| (ख) नाखून क्यों बढ़ते हैं? | — | बेगम |

**8.** निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) 'बहादुर' कहानी में वाचक को अपने परिवार और संबंधियों के _____ तथा शान-बान पर सदा गर्व रहा है।

(ख) 'अंधेर नगरी' नाटक में महंत ने _____ संकट की आशंका के कारण नगर छोड़कर जाने का निर्णय किया।

निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

**9.** 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के अनुसार नवाबों की _____ के कारण लखनऊ अंग्रेजों के कब्ज़े में चला गया। 1

(A) दौलत

(B) अकर्मण्यता

(C) प्रजा

(D) शतरंज की लत

**10.** समाचारों पर आधारित व्यंग्य-चित्र _____ घेरे में होते हैं। 1

(A) चार

(B) पाँच

(C) एक

(D) दो

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

**11.** बहादुर ने काम करने से मना कर दिया क्योंकि

(A) उसे अपने घर की बहुत याद आने लगी

(B) निर्मला ने उसके लिए रोटियाँ नहीं सेंकीं

(C) उस पर चोरी का झूठा आरोप लगाया गया

(D) किशोर के व्यवहार और गाली देने से दुखी होता है 1

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

12. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' पाठ के अनुसार पशुता से आशय है

(A) पशु की विशेषता

(B) बुरी प्रवृत्तियाँ

(C) पशु के प्रति दृष्टिकोण

(D) पशु का व्यवहार 1

13. आपके द्वारा बैंक के मैनेजर को लिखा जाने वाला पत्र किस प्रकार का होता है? 1

(A) औपचारिक

(B) व्यावसायिक

(C) अनौपचारिक

(D) कार्यालयी

निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

14. 'अंधेर नगरी' नाटक में 'अंधेर नगरी और चौपट राजा' की कल्पना का कारण है ____। 1

15. निबंध में हम किसी विषय पर अपने विचार क्रम से और ____ ढंग से लिखते हैं। 1

16. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) 'सुखी राजकुमार' के आधार पर बताइए कि मनुष्यों को नहीं, एक मूर्ति को दूसरों के दुख दिखते हैं, इसमें ____ है।

(ख) 'अंधेर नगरी' पाठ के लेखक हैं ____।

17. निम्नलिखित संवाद किस पात्र के हैं? पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) ''हुज़ूर, नवाब साहब को ज़ालिमों ने कैद कर लिया है।''

(ख) ''माँ-बाप का कर्ज़ तो जन्मभर भरा जाता है।''

18. नीचे दिए गए कथनों को उत्तर-पुस्तिका में लिखिए और बताइए कि वे सही हैं या गलत : 1×2=2

(क) नगर में उत्तर की ओर एक ऊँचे-से स्तंभ पर सुखी राजकुमार की प्रतिमा स्थापित थी।

(ख) 'अंधेर नगरी' नाटक में राजा के अधिकारी चापलूस और मूर्ख नहीं थे।

निम्नलिखित विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाटँकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

19. सार-लेखन में किसी दूसरे के द्वारा लिखी गई ____ बात को उसका ____ भाव सुरक्षित रखते हुए कम शब्दों में प्रस्तुत किया जाता है। 1×2=2

(A) विस्तृत, मूल

(B) गहरी, अच्छा

(C) लम्बी, आदर्श

(D) छोटी, मूल

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

**20.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×4=4

जनसंख्या की वृद्धि भारत के लिए आज एक विकट समस्या बन गई है। यह समाज की सुख-संपन्नता के लिए एक भयंकर चुनौती है। महानगरों में कीड़े-मकोड़ों की भाँति अस्वास्थ्यकर घोंसलों में आदमी भरा पड़ा है। न धूप, न हवा, न पानी। यह संकट अनायास नहीं आया है। संतान को ईश्वरीय विधान और वरदान मानने वाला भारतीय समाज ही इस रक्तबीजी संस्कृति के लिए जिम्मेदार है। जब किसी समाज के सदस्यों की संख्या बढ़ती है तो उनके भरण-पोषण के लिए जीवनोपयोगी वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। परन्तु वस्तुओं का उत्पादन तो गणितीय क्रम से होता है और जनसंख्या रेखागणित की दर से बढ़ती है। फलस्वरूप जनसंख्या और उत्पादन-दर में चोर सिपाही का खेल शुरू हो जाता है। आगे-आगे जनसंख्या दौड़ती है और पीछे-पीछे उत्पादन-वृद्धि। वास्तविकता यह है कि उत्पादन-वृद्धि के सारे लाभ को जनसंख्या-वृद्धि व्यर्थ कर देती है जिसके परिणामस्वरूप वस्तुएँ अलभ्य हो जाती हैं। महंगाई निरंतर बढ़ती रहती है। जीवन-स्तर गिरता जाता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं। देश का विकास रुक जाता है। इस समस्या के समाधान के लिए लोगों में जागरूकता लाने के अभियान चलाने चाहिए।

(क) भारत के लिए आज क्या विकट समस्या बन गई है?

(A) महानगर में बढ़ती जनसंख्या (B) जनसंख्या का सीमित होना

(C) जनसंख्या की वृद्धि (D) लड़कियों की घटती संख्या

(ख) बढ़ती जनसंख्या के लिए ज़िम्मेदार कौन है?

(A) संतान को बुढ़ापे का सहारा मानने वाले

(B) संतान को ईश्वरीय विधान और वरदान मानने वाले

(C) सीमित परिवार वाले

(D) संतान को लाड़-प्यार देने वाले

(ग) यदि इस जनवृद्धि पर नियंत्रण न हो सका तो क्या होगा?

(A) सारे प्रयोजन और आयोजन सफल हो जाएंगे

(B) सारे आयोजन फिर से करने होंगे

(C) सारे प्रयोजन और आयोजन व्यर्थ हो जाएंगे

(D) प्रयोजन सही हो जाएंगे

(घ) समाज के सदस्यों की संख्या बढ़ने पर किस चीज़ की आवश्यकता पड़ती है?

(A) सभी में आपसी प्रेम और भाईचारे की

(B) सभी के लिए आरामदायक वस्तुओं की

(C) सभी के लिए जीवनोपयोगी वस्तुओं की

(D) सभी के लिए प्राणवायु की



UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

21. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) भरपेट शब्द में _____ उपसर्ग का प्रयोग किया गया है।

(ख) कुम्हार शब्द में _____ प्रत्यय का प्रयोग किया गया है।

22. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) कालीन, गोदाम, विवाह, भाप में से तद्भव शब्द है _____।

(ख) खिड़की, इंजन, पृष्ठ, मोर में से तत्सम शब्द है _____।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

23. 'दाँत खट्टे करना' मुहावरे का अर्थ है 1

(A) जीतना (B) हराना

(C) किटकिटाना (D) गिड़गिड़ाना

24. गजानन _____ समास का उदाहरण है। 1

(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व

(C) बहुव्रीहि (D) अव्ययीभाव

25. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनिए : 1

(A) मैंने आपको अपना पता दिया था।

(B) मैं आप को अपना पता दिया था।

(C) मैं दिया था आपको अपना पता।

(D) अपना पता दिया था मैंने आपको।

26. जो दिन-रात मेहनत करते हैं, उन्हें सोच-समझकर खर्च करना चाहिए। यह किस प्रकार का वाक्य है? 1

(A) मिश्र (B) विस्मयवाचक

(C) सरल (D) संयुक्त

27. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×2=2

(क) गंगोदक का संधि-विच्छेद _____ है।

(ख) गायक का संधि-विच्छेद _____ है।

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

## खंड—'ब'

### ( विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक )

**28.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर *20-25* शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) कबीर ने निंदक से दूर रहने के प्रचलित रिवाज़ के विपरीत क्या करने का संदेश दिया है?

(ख) 'आह्वान' कविता में कवि ने आलसी लोगों की क्या विशेषताएँ बताई हैं?

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में नदी आंतरिक रूप से पीड़ित क्यों है?

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में पत्थर को किन लोगों का प्रतीक बताया गया है? क्या आप आज के समाज से ऐसे उदाहरण दे सकते हैं?

**29.** निम्नलिखित काव्यांश के कवि और कविता का नामोल्लेख करते हुए काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 4

बैठे हुए हो व्यर्थ क्यों? आगे बढ़ो, ऊँचे चढ़ो!
है भाग्य की क्या भावना, अब पाठ पौरुष का पढ़ो!
है सामने का ग्रास भी मुख में स्वयं जाता नहीं,
हा! ध्यान उद्यम का तुम्हें तो भी कभी आता नहीं।।

**अथवा**

बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ाकर
कह रही है जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।

**30.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 3

आज़ादी कवि के लिए शब्द है,
शिकारी के लिए तीर,
तन्हाई के मारे के लिए महफ़िल है
डरे हुए के लिए पनाह,
आज़ादी यानी अज्ञानी को ज्ञान,
ज्ञानी को कर्म, कर्मठ को बलिदान
और बलिदानी को जीवन।

**अथवा**

पावस देखि रहीम मन, कोइल साधै मौन।
अब दादुर बक्ता भए, हमको पूछत कौन।।

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

**31.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दोनों के पास मौरूसी जागीरें थीं; जीविका की कोई चिंता न थी; घर में बैठे चखौतियाँ करते थे। आखिर और करते भी क्या? प्रातःकाल दोनों मित्र नाश्ता करके बिसात बिछाकर बैठ जाते, मुहरे सज जाते और लड़ाई के दाव-पेंच होने लगते। फिर ख़बर न होती थी कि कब दोपहर हुई, कब तीसरा पहर, कब शाम! घर के भीतर से बार-बार बुलावा आता था कि खाना तैयार है। यहाँ से जवाब मिलता—चलो, आते हैं, दस्तरख़्वान बिछाओ।

**अथवा**

''दूर बहुत दूर'', मूर्ति अपनी सुनहली आवाज़ में कहती रही, ''एक गंदी-सी गली में टूटा-फूटा मकान है, उसकी एक खिड़की खुली है ... उसके अंदर एक चौकी पर एक स्त्री बैठी है। उसका चेहरा दुबला और थका हुआ है और उसके हाथ सुई के घावों से क्षत-विक्षत हैं। वह रानी की सर्वसुंदरी अंगरक्षिका के नृत्य-वसन पर फूल काढ़ रही है। एक कोने में उसका बच्चा बीमार पड़ा है। उसे ज्वर है और वह फल माँग रहा है। गौरैया, नन्हीं गौरैया, क्या तुम मेरी तलवार की मूठ में जगमगाता हुआ लाल निकाल कर उसे नहीं दे आओगी ... मेरे पैर तो स्तंभ में जड़े हैं और मैं चल नहीं सकता।''

UNNATI EDUCATIONS
9899436384
9654279279

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए : 2×3=6

(क) आपके विचार में 'सुखी राजकुमार' कहानी का सबसे मार्मिक स्थल कौन-सा है और क्यों?

(ख) 'अंधेर नगरी' नाटक के मंत्री के चरित्र में आपको क्या खोट नज़र आता है?

(ग) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के माध्यम से बताइए कि शासक के निकम्मे होने पर देश का क्या हाल हो जाता है।

(घ) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं?' पाठ के लेखक के अनुसार हमारी भाषा में स्व का बंधन अनायास क्यों आ गया है?

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिए : 2×2=4

(क) 'बहादुर' कहानी के वाचक के लिए नौकर रखना किन कारणों से आवश्यक था?

(ख) संपादकीय और फ़ीचर में क्या अंतर होता है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'सुखी राजकुमार' कहानी में बच्चों की स्थिति को देखकर बहुत दुख होता है। ऐसे बच्चे हमारे आसपास भी दिखाई देते हैं। उनकी स्थिति बेहतर बनाने के लिए अपने सुझाव दीजिए।

**34.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

उसके स्वर में एक मीठी झनझनाहट थी। मुझे ठीक-ठीक याद नहीं कि मैंने उसको क्या हिदायतें दीं। शायद यह कि वह शरारतें छोड़कर ढंग से काम करे और इस घर को अपना घर समझे। इस घर में नौकर-चाकर को बहुत प्यार और इज़्ज़त से रखा जाता है। जो सब खाते-पहनते हैं, वही नौकर-चाकर खाते-पहनते हैं। अगर वह यहाँ रह गया तो ढंग-शऊर सीख जाएगा, घर के और लड़कों की तरह पढ़लिख जाएगा और उसकी जिंदगी सुधर जाएगी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए। 1

(ख) इस गद्यांश की भाषा-शैली का उल्लेख कीजिए। 2

(ग) लेखक ने बहादुर को क्या हिदायतें दीं। 2

**अथवा**

मनुष्य को सुख कैसे मिलेगा? बड़े-बड़े नेता कहते हैं—वस्तुओं की कमी है, और मशीन बैठाओ, और उत्पादन बढ़ाओ, और धन की वृद्धि करो और बाह्य उपकरणों की ताकत बढ़ाओ। एक बूढ़ा था। उसने कहा था—बाहर नहीं, भीतर की ओर देखो। हिंसा को मन से दूर करो, मिथ्या को हटाओ, क्रोध और द्वेष को दूर करो, लोक के लिए कष्ट सहो, आराम की बात मत सोचो, प्रेम की बात सोचो; आत्मतोषण की बात सोचो, काम करने की बात सोचो।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए। 1

(ख) इस गद्यांश की भाषा-शैली पर टिप्पणी लिखिए। 2

(ग) गद्यांश में 'बूढ़ा' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है? उन्होंने क्या कहा था? 2

**35.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *300* शब्दों में निबंध लिखिए : 7

(क) आधुनिकता और परंपरा

(ख) मेरा प्रिय खेल

(ग) समय अनमोल है

(घ) रेलवे प्लेटफार्म का दृश्य

**36.** निम्नलिखित गद्यांश का सार **एक-तिहाई** शब्दों में लिखिए : 5

जो व्यक्ति श्रम से पलायन करके आलस्य का जीवन व्यतीत करते हैं वे कभी भी सुख-सुविधा का आनन्द प्राप्त नहीं कर सकते। कोई भी कार्य यहाँ तक कि स्वयं का जीना भी बिना काम किए संभव नहीं। यह ठीक है कि हमारे जीवन में भाग्य का बड़ा हाथ है। दुर्भाग्य के कारण संभव है मनुष्य को विकास और

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

वैभव के दर्शन न हों पर परिश्रम के बल पर वह अपनी जीविका के प्रश्न को हल कर ही सकता है। यदि ऐसा न होता तो श्रम के महत्त्व को कौन स्वीकार करता। कुछ लोगों का विचार है कि भाग्य के अनुसार ही मनुष्य सुख-दुख भोगता है। दाने-दाने पर मोहर लगी है। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि भाग्य का निर्माण भी परिश्रम के द्वारा ही होता है। भगवान ने मुख के साथ-साथ दो हाथ भी दिए हैं। इन हाथों से काम करके मनुष्य अपनी दरिद्रता को दूर कर सकता है। हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहने वाला व्यक्ति आलसी होता है। जो आलसी होता है वह दरिद्र और परावलंबी होता है क्योंकि आलस्य दरिद्रता का मूल है। आज इस संसार में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह श्रम का परिणाम है। श्रम से मिट्टी भी सोना बन जाती है परन्तु आलस्य से सोना भी मिट्टी बन जाता है।

37. चुनाव के कारण आपके घर की दीवारें नारे लिखने और पोस्टर चिपकाने से गंदी हो गई हैं। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। 5

अथवा

छात्रावास में रहने वाले अपने छोटे भाई को मन लगाकर अध्ययन करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

★★★

UNNATI EDUCATIONS 9899436384 9654279279

2111903